हरिभूमि

जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 25 .9 डिग्री
न्यूनतम 22 .6 डिग्री

12 मंडियों में अव्यवस्थाओं की पोल खुली बरसात से खुले में पड़ा धान भीगा



12 लीलाओं से मानव का पथ प्रदर्शित करते रहे भगवान श्रीकृष्ण



खबर संक्षेप

व्यक्ति से आनलाइन ठगे पौने तीन लाख रुपये

यमुनानगर। साइबर ठग ने व्हाट्सएप पर कॉल कर एक व्यक्ति से 2 लाख 88 हजार 300 रुपये आनलाइन ठग लिए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़ति शिव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 से 13 नवंबर 2025 के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसके व्हाट्सएप मोबाइल नंबर पर कॉल की गई। इस दौरान उसके साथ ऑनलाइन ठगी की गई और कुल 2 लाख 88 हजार 300 रुपये की राशि ठग ली गई।

तीन स्थानों से चोरी कर किया हजारों का सामान

यमुनानगर। जिले में चोरों ने अलग अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव काठगढ़ निवासी अमित अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत बीती रात अज्ञात व्यक्ति उसके घर से लोहे की छह ग्रिल चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। मामले में बिलासपुर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

नौकरी लगवाने के नाम पर 8 लाख की ठगी

अंबाला। थाना शहजादपुर पुलिस ने टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती कराने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जम्मू कश्मीर के कुलबीर सिंह के रूप में हुई है। गांव कोड़वा खुर्द के अवतार सिंह ने 5 जुलाई 2026 को एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार आरोपी कुलबीर सिंह ने वर्ष 2021 के दौरान टेरिटोरियल आर्मी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे 8 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की गहनता से जांच करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी कुलबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से ठगी की गई राशि बरामद की जाएगी।

न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर हड़प लिए 5.30 लाख रुपये

यमुनानगर। न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर छह लोगों ने एक युवक से 5 लाख 30 हजार रुपये लेकर हड़प लिए। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव भेड़थल निवासी गौरव शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह गत अप्रैल में न्यूजीलैंड जाने के लिए मोहाली स्थित कंसल्टेंसी के कार्यालय में गया था।

तीन दिन से मंडी में बैठे किसानों को नहीं मिल रहा धान का भाव

धान खरीद में कटौती के आरोपों पर कृषि मंत्री के सामने हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/घरौंडा

अनाज मंडी में धान की खरीद और उठान में देरी को लेकर किसानों की नाराजगी बढ़ गई है। किसानों ने आरोप लगाया कि वे तीन दिन से मंडी में धान बेचने के इंतजार में बैठे हैं, लेकिन उनकी फसल की खरीद नहीं हो रही। नमी के नाम पर धान के भाव में भारी कटौती किए जाने के आरोपों ने भी विवाद बढ़ा दिया है। इसी मुद्दे पर रविवार को किसानों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सामने अपनी समस्याएं रखीं। मंडी में किसानों और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बहस होने की बात भी सामने आई। किसानों का आरोप है कि नमी के नाम पर प्रति क्विंटल 250 से 400 रुपये तक की कटौती की जा रही है। कुछ किसानों ने धान का भाव 2000 रुपये प्रति क्विंटल तक मिलने की आशंका जताई, जबकि एक किसान ने 2200 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद किए जाने का आरोप लगाया। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

- नमी के नाम पर 250 से 400 रुपये प्रति क्विंटल तक कटौती का आरोप



घरौंडा। मंडी में धान खरीद और नमी के नाम पर कटौती को लेकर किसानों से बातचीत करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

नमी के नाम पर कटौती पर उठाए सवाल

किसान नेता जगदीप औलख ने कहा कि धान की खरीद में आ रही दिक्कतों और नमी के नाम पर की जा रही कटौती की जानकारी मंत्रियों तथा अधिकारियों को है। उन्होंने कहा कि घरौंडा मंडी में राइस मिलरों की कमी के कारण भी खरीद प्रभावित हो रही है। उनके अनुसार, 20 प्रतिशत तक नमी वाली धान में नियमानुसार कटौती करीब 75 रुपये प्रति क्विंटल बनती है, जबकि किसानों से इससे कहीं अधिक रकम काटे जाने के आरोप हैं। उन्होंने मांग की कि नमी के आधार पर कटौती के नियम स्पष्ट किए जाएं और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले।

कृषि मंत्री ने बारिश और हड़ताल को बताया कारण



कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कुछ मंडियों में धान का उठान धीमा हुआ है। इसके पीछे बारिश और राइस मिलरों की हड़ताल भी कारण रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से बातचीत कर उठान में तेजी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि किसानों की फसल का पूरा भुगतान मिले और कोई भी किसान खरीद से वंचित न रहे।

मंडी के आंकड़े भी बता रहे धीमी खरीद

प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 11 अक्तूबर तक घरौंडा मंडी में धान की कुल आवक 2.37 लाख क्विंटल रही। इनमें से 83 हजार क्विंटल धान की खरीद हुई और 19,500 क्विंटल का उठान दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार, खरीद की तुलना में उठान की गति धीमी रही। दूसरी ओर, भाजपा कार्यकर्ताओं निशांत राणा, पवन ढाकला और संजय खर्ब ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि निर्धारित मानकों के अनुसार धान खरीदा जा रहा है। उन्होंने किसानों से खरीद प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतें लिखित रूप में देने की अपील की, ताकि नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

गेस्ट टीचर्स का धरना समाप्त

कल चंढीगढ़ में मुख्यमंत्री से शाम 5 बजे होगी मुलाकात



कुरुक्षेत्र। बारिश में धरने पर बैठे गेस्ट टीचर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर से आए गेस्ट टीचरों का कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूरी पर जिंदल चौक पर जारी धरना समाप्त किया गया। कल गेस्ट टीचर्स चंडीगढ़ में शाम 5 बजे मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। बारिश के बावजूद शिक्षक धरनास्थल पर डटे रहे। बारिश से बचने के लिए उन्होंने आसपास लगे फ्लेक्सों का सहारा लिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे घर वापस नहीं लौटेंगे। गेस्ट टीचरों ने सरकार से उनकी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपने भविष्य और सेवा से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। धरने का नेतृत्व कर रहे गेस्ट टीचरों के प्रधान दिनेश यादव ने कहा कि दूसरे दिन भी सरकार और प्रशासन की ओर से उनसे बातचीत नहीं की गई है।

विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठग लिए 19 लाख 92 हजार 700 रुपये

यमुनानगर। विदेश भेजने के नाम पर सात लोगों ने एक युवक से 19 लाख 92 हजार 700 रुपये ठग लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और इमिग्रेशन एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव रामपुर निवासी निखिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले वह विदेश में जाकर रोजगार करना चाहता था। इस दौरान उसकी अमरजीत सिंह, विक्रांत, सोनिया, आकाश, रमनदीप कौर, रुहानी व नितिन के साथ मुलाकात हुई। आरोपियों ने उसे न्यूजीलैंड भेजकर अच्छा वर्मा ने उसे विदेश भेजकर अच्छा रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया। उस समय वह आरोपियों के झांसा में आ गया। उस समय आरोपियों ने उससे विदेश भेजने की एवज में 19 लाख 92 हजार 700 रुपये ले लिए।

10-12 लोगों ने घर में घुसकर की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की दुर्गा कॉलोनी निवासी निर्भय व इसकी पत्नी उषा ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर हमला करने, जमकर तोड़फोड़ करने और नकदी-जेवरात ले जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित दंपति का आरोप है कि करीब बारह लोग डंडे लेकर घर में घुसे और ईंट-पत्थर बरसाए।

हमले के दौरान दरवाजे, खिड़कियां, सीसीटीवी कैमरे और अलमारी तक तोड़ दी गई। इधर, दंपति ने थाना किला पुलिस को शिकायत दी है। इधर, जांचाधिकारी सज्जन सिंह ने कहा कि दंपति की शिकायत की जांच की जा रही है। पीड़ितों के मुताबिक, उनके पास तोड़फोड़ से संबंधित वीडियो भी है, जिसमें आरोपी सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर जमीन पर पटकता दिखाई देता है। उनके पास घर के खिड़की दरवाजों पर हमला करने की भी वीडियो है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बार-बार शिकायत देने के बावजूद पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं की गई। दुर्गा कॉलोनी निवासी निर्भय और उनकी पत्नी उषा के मुताबिक, वे घर से ही ऑनलाइन पैकेजिंग का काम करते हैं। उनके यहां चार से पांच महिलाएं काम करती हैं। उषा का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग इन महिलाओं पर अश्लील इशारे करते थे। विरोध करने पर विवाद बढ़ा और मामला हमले तक पहुंच गया।

डंडों से हमला, ईंट-पत्थर बरसाने का आरोप

पीड़ित परिवार के अनुसार, शनिवार सुबह करीब दस बजे 10 से 12 लोग उनके घर में घुस आए और मारपीट के साथ तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने घर के दरवाजे और खिड़कियां क्षतिग्रस्त कर दीं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और अलमारी को भी नुकसान पहुंचाया। परिवार का दावा है कि इसी दौरान अलमारी से नकदी और जेवरात गायब हो गए। पीड़ितों ने इनकी कुल कीमत करीब 10 से 12 लाख रुपए बताई है।

बिजली निगम के इंजीनियर से ठगी

कुरुक्षेत्र। ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने के लालच में बिजली विभाग के एक अधिकारी से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फेसबुक पर इन्वेस्टमेंट का लिंक भेजकर अधिकारी से संपर्क किया और उन्हें एआई क्वांटम के नाम पर ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाकर तेल, सोने और चांदी में निवेश करने के लिए कहा। शुरूआत में अकाउंट में मुनाफा दिखाकर भरोसा जीता, लेकिन जब अधिकारी ने अपनी रकम निकालनी चाही तो टैक्स और अन्य शुल्क के नाम पर और पैसे मांगने लगे। रकम जमा कराने के बावजूद पैसे वापस नहीं मिले। आरोप है कि बाद में ट्रेडिंग अकाउंट और लिंक भी डिलीट कर दिए गए।

ट्रेनों में यात्रियों से रुपये वसूली को लेकर हुआ किन्नरों के दो गुटों में हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा रेलवे स्टेशन पर रविवार को ट्रेनों में यात्रियों से रूपये मांगने के क्षेत्र को लेकर किन्नरों के दो गुटों में विवाद हो गया। हालांकि ट्रेनों में यात्रियों से किन्नरों द्वारा रुपये वसूले जाना कानूनी अपराधी है। वहीं, दोनों पक्षों के बीच शुरू हुई कहासुनी बढ़ते-बढ़ते रेलवे स्टेशन स्थित राजकीय रेलवे पुलिस चौकी (जीआरपी) थाने तक पहुंच गई। यहां जीआरपी कर्मियों के सामने ही दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बहस और हंगामा होता रहा। वहीं, पुलिस के समझाने के बावजूद विवाद नहीं थमा तो कई किन्नरों ने कपड़े उतारकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे चौकी के बाहर असहज स्थिति बन गई। इधर, विवाद के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के खिलाफ शिकायत भी दी। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया और मामला शांत हो गया। जबकि थानेदार जीआरपी जसबीर ने कहा कि इस तरह के विवाद के कारण यात्रियों और आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस का प्रयास रहेगा कि रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



समालखा। जीआरपी चौकी पर हंगामा करते हुए किन्नर।

28 ट्रेनों के ट्रैक पर आने का करना होगा इंतजार

रेलवे की 250 ट्रेनें ट्रैक पर लौटी, यात्रियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिल्ली में सीजेपी के आंदोलन के सामान्य होते ही रेलवे की ट्रेनें भी ट्रैक भी आ गई। 250 से अधिक रद्द ट्रेनों को बहाल कर दिया गया है। इनमें 35 के करीब मेल व एक्सप्रेस सहित लोकल ट्रैक पर चलने वाली ईएमयू और मेमू ट्रेनें भी शामिल हैं । इसकी वजह से रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। रेलवे की मानें तो आने वाले दिनों में स्थिति सामान्य होते ही सभी ट्रेनों का संचालन हो जाएगा। अधिकारिक सूचना के अनुसार, दिल्ली, नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़, पानीपत, पलवल, रोहतक, रेवाड़ी, सहारनपुर और कुरुक्षेत्र रूट सहित पंजाब व हिमाचल की तरफ चलने वाली ट्रेनों की आवाजाही फिर से सामान्य कर दी गई है। इसमें प्रमुख रूप से दिल्ली-गाजियाबाद-नई दिल्ली-अलीगढ़ रूट, पानीपत-कुरुक्षेत्र-अंबाला-कालका मार्ग, रोहतक-जींद-हिसार एवं रेवाड़ी मार्ग पर चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं। हालांकि, अधिकांश ट्रेनों को हरी झंडी दे दी गई है लेकिन परिचालन व्यवस्था को पूरी तरह संतुलित करने के लिए 28 ट्रेनों को रविवार भी रद्द रखा गया है।

पुराने केस में लापरवाही, थाना प्रभारी निलंबित

- हाईकोर्ट के सवालों के बाद एसपी करनाल की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुराने आपराधिक मामले में पुलिस की कार्रवाई और अदालत के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस ने सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक रोहताश को निलंबित कर दिया है। संबंधित मामला वर्ष 2001 में दर्ज लूट और हथियारों से जुड़े मुकदमे से संबंधित बताया गया है। मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामला सिटी थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 679 से जुड़ा है। इसे 11 दिसंबर 2001 को दर्ज किया गया था। मुकदमे में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 393, 397 और 394 के अलावा शस्त्र अधिनियम की धाराएं 25, 54 और 59 लगाई गई थीं। मामले में लूट और हथियारों से संबंधित आरोप थे। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अदालत ने दोनों आरोपियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट ने मांगा था जवाब

इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से पुलिस से कई बार जवाब मांगा गया। खबर के अनुसार, पुलिस की ओर से दिए गए जवाबों से अदालत संतुष्ट नहीं हुई। इसके बाद 14 अक्तूबर 2026 को पुलिस अधीक्षक करनाल को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए गए। मामला पुराने मुकदमे में पुलिस की कार्रवाई और अदालत के सवालों का संतोषजनक जवाब देने में हुई कथित चूक से जुड़ा है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक रोहताश को निलंबित कर दिया। रोहताश करनाल के सिटी थाने में थाना प्रभारी के पद पर तैनात थे। पुलिस विभाग की इस कार्रवाई को पुराने मुकदमे में जिम्मेदारी निभाने में हुई कथित लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है।



नाबालिग से अश्लील हरकत की सूचना पर पहुंची पुलिस पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

करनाल जिले के नीलोखेड़ी क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ कथित अश्लील हरकत की सूचना पर जांच करने पहुंची पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की और गाड़ी में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ता रोककर पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई की गई तथा सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाई गई। बुटाना थाना पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 9 अक्तूबर की रात करीब साढ़े दस बजे नीलोखेड़ी पुलिस चौकी के इंचार्ज गुरबचन सिंह को गुरुद्वारा साहिब में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित अश्लील हरकत होने की शिकायत मिली।

तीन नामजद सहित अन्य पर मुकदमा

शिकायत में नवजोत ढुमन उर्फ ज्योति, तरुण सोही और गुरनाम सिंह सहित छह-सात अन्य लोगों को आरोपित बताया गया है। बुटाना थाना पुलिस ने 10 अक्तूबर को भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 126(2), 132, 221, 324(4), 191(3) और 190 के तहत प्राथमिकी दर्ज की। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक अनिल को सौंपी गई है।

एटीएम चोरी करने का प्रयास करने के आरोप में दो पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी बरग्लेरी स्टाफ कम एंटी नारकोटिक सेल टू की टीम ने एटीएम चोरी करने का प्रयास करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एंटी बरग्लेरी स्टाफ कम एंटी नारकोटिक सेल टू के प्रभारी रमन चंदेल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि व्यासपुर के छोटा बस स्टैंड के नजदीक दो युवक संदिग्ध हालत में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एएसआई सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कुलदीप, गौरव, दिनेश व नवतेज को शामिल कर जांच टीम का गठन कर मौके पर भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों के गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान जयचंद उर्फ मुला व शुभम उर्फ गुनी के नाम से हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने गत 8 अक्तूबर को व्यासपुर के छोटा बस स्टैंड के नजदीक लगे एटीएम को चोरी करने का प्रयास किया था। मगर वह एटीएम को चोरी करने में सफल नहीं हो सके। वहीं, व्यासपुर पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ एटीएम चोरी करने के प्रयास में मामला दर्ज किया हुआ है। सेल के प्रभारी रमन चंदेल ने बताया कि व्यासपुर पुलिस के मुताबिक एटीएम चोरी के प्रयास के दौरान आरोपियों ने मशीन को तोड़ फोड़ करके करीब दो लाख रुपये का नुक्सान पहुंचाया है।

हरियाणा खेलों की नर्सरी, खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान : महिपाल ढांडा

जाट धर्मशाला में कबड्डी का महाकुंभ, 45 टीमों के बीच मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय ऑल ओपन नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को पुरुष वर्ग के मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में 45 टीमें भाग ले रही हैं। एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेताओं सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की भागीदारी ने मुकाबलों को रोमांचक बना दिया। खिलाड़ियों ने अपने दमखम और खेल कौशल से दर्शकों का ध्यान खींचा। हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा को खेलों का प्रदेश कहा जाता है। यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की है। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला की ओर से खेल प्रतिभाओं को मंच देने की पहल सराहनीय है। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी संस्था को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। हरियाणा कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। जींद यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. रणपाल तहलान ने भी प्रतियोगिता में शिरकत कर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।



कुरुक्षेत्र। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को सम्मानित करते आयोजक।

महिला वर्ग में गुरुकुल मोर माजरा की टीम प्रथम

प्रतियोगिता के पहले दिन 10 अक्टूबर को महिला वर्ग के मुकाबले हुए, जिनमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया। हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की टीमों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। महिला वर्ग में गुरुकुल मोर माजरा की टीम ने पहला, आईटीबीपी की टीम ने दूसरा, हिमाचल प्रदेश की टीम ने तीसरा और गांव पाई की टीम ने चौथा स्थान हासिल किया। रुचि यादव को बेस्ट रेडर और कोमल को बेस्ट कैचर चुना गया।

खेलों के जरिए युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल भवन तक सीमित नहीं है। शिक्षा, खेल और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से 36 बिरादरी के युवाओं को साझा मंच प्रदान करना संस्था की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी शैक्षणिक, खेल, सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। इससे युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ता है। संस्था का प्रयास है कि युवा खेलों से जुड़ें और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर समाज व देश के विकास में योगदान दें। प्रतियोगिता के आयोजन में अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, स्वतंत्र समूह सेवा समिति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन और महाराजा सूरजमल वेलफेयर सोसाइटी, कैथल का सहयोग रहा। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी खेल, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिल सकें।

न्यूज डायरी

महाराजा अग्रसेन जयंती पर आज लगेगा भंडारा



करनाल। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट और अखिल भारतीय वैश्य फैडरेशन कोर ग्रुप की ओर से 12 अक्तूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में सुबह 11 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन को लेकर रविवार को अग्रसेन भवन में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक हुई। इस दौरान महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

बैठक में शम्मी बंसल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को समानता, परस्पर सहयोग और जनकल्याण का संदेश दिया। उनके विचारों को केवल जयंती समारोह तक सीमित रखने के बजाय दैनिक जीवन में अपनाने की जरूरत है। समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनें और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। बैठक में महाराजा अग्रसेन के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया गया। उनके आदर्श आज भी सामाजिक एकता, भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। जयंती जैसे आयोजन नई पीढ़ी को महापुरुषों के विचारों से जोड़ने के साथ समाज में आपसी सद्भाव बढ़ाने का माध्यम भी हैं। इस अवसर पर बृजलाल गर्ग, पीके जैन, विनय बंसल, प्रदीप बंसल, प्रवीण बंसल, विनोद गुप्ता, विनोद सिंगला, योगेश गोयल, नरेंद्र गोयल, मनोज मित्तल और पंकिल गोयल मौजूद रहे।

साइकिलों के सहारे स्कूल पहुंचेंगी ग्रामीण बेटियां



करनाल। ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को विद्यालय आने-जाने में होने वाली परेशानी दूर करने और उनकी पढ़ाई निर्बाध जारी रखने के उद्देश्य से अंत्योदय फाउंडेशन ने साइकिल वितरण अभियान के तहत जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। रविवार को कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की प्रेरणा और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने बेटियों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आशीर्वचन दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास जीवन में आगे बढ़ने के महत्वपूर्ण आधार हैं। बेटियों को आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य को मजबूत करने की दिशा में सार्थक कदम है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि शिक्षा सामाजिक बदलाव का प्रभावी माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय दूर होने और आवागमन की कठिनाइयों के कारण छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में साइकिल उपलब्ध कराने जैसी पहल उनकी नियमित पढ़ाई जारी रखने में सहायक हो सकती है। उन्होंने कहा कि बेटियों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार, सामाजिक संस्थाओं और समाज को मिलकर प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद, भगवानदास कबीरपंथी, योगेंद्र राणा, मुख्य सचेतक एवं विधायक रामकुमार कश्यप, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, ऐशना कल्याण, अनिरुद्ध यादव और फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष बृजभूषण गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने ग्रामीण विकास, बेटियों की शिक्षा और जरूरतमंद परिवारों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

महाराजा अग्रसेन को श्रद्धापूर्वक नमन किया



करनाल। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को महाराजा अग्रसेन चौक पर आयोजित समारोह में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शिरकत कर महाराजा अग्रसेन को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उन्होंने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और हवन-यज्ञ में आहुति डालकर सर्वसमाज की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन समानता, सेवा, सहयोग और सामाजिक समरसता की प्रेरक मिसाल है। उनके विचार आज भी समाज को आपसी भाईचारा बनाए रखने, जरूरतमंदों की सहायता करने और जनकल्याण के कार्यों में सहभागी बनने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का वास्तविक उद्देश्य उनके विचारों को याद करने के साथ उन्हें अपने आचरण और व्यवहार में अपनाना भी है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज में समानता और परस्पर सहयोग की भावना को महत्व दिया। उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। आपसी सद्भाव, सामाजिक एकता और जरूरतमंदों की मदद जैसे मूल्यों को अपनाकर ही सशक्त और खुशहाल समाज का निर्माण किया जा सकता है। महापौर ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन, विचारों और सामाजिक योगदान से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारे को मजबूत करने और सामाजिक कल्याण के कार्यों में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया।

अग्रवाल सभा ने किया धार्मिक अनुष्ठान



तरावड़ी। महाराजा अग्रसेन जयंती पूर्ण श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाई गई। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित होने वाले इस वार्षिकोत्सव को लेकर अग्रवाल समाज सहित पूरे शहर में भारी उत्साह देखने को मिला। आयोजन के तहत रविवार को प्रातः अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का दुग्ध-स्नान एवं विधिवत हवन-यज्ञ संपन्न हुआ। जिसमें सभा के प्रधान रमेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, संजय बंसल, बृजमोहन गर्ग, विरेन्द्र बंसल, सुभाष गुप्ता, राकेश गर्ग, विजय सिंगला, विवेक गोयल, सहित सभा सदस्य उपस्थित थे। इसके उपरांत मेन बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर रमेश गुप्ता प्रधान, अग्रवाल सभा ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का जीवन समाज को संगठित होकर आगे बढबो की प्रेरणा देता है। व्यापार में ईमानदारी, व्यवहार में विनम्रता और सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाना ही उनके प्रति सच्ची निष्ठा है। उन्होने कहा कि एक ईंट और एक रुपया की नीति विश्व के पहले समाजवाद का अनुपम उदाहरण है। समाज की वास्तविक तरक्की तभी संभव है जब संपन्न वर्ग आगे आकर कमजोर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाए। महाराज अग्रसेन जी ने स्वावलंबन का मार्ग दिखाया। आज के दौर में शिक्षा और व्यापारिक अवसरों के जरिए युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना ही अग्र समाज का प्रमुख ध्येय होना चाहिए।

बेमौसम बारिश ने मंडियों में खोली धान की सुरक्षा व्यवस्था की पोल

- मंडियों में हजारों टन फसल भीगी खेतों में खड़ी फसल भी गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल





करनाल । अनाज मंडी में बारिश से भीगा खुले में पड़ा धान तथा मंडी तरावड़ी में बरसात में भीगती हुई फसल

रविवार दोपहर हुई बेमौसम बारिश ने जिले की अनाज मंडियों में धान की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ी हजारों टन धान की फसल बारिश से भीग गई। कई स्थानों पर धान की ढेरियों और बोरियों के नीचे पानी जमा होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई। पहले से खरीद और उठान की धीमी रफ्तार से जूझ रहे किसानों को अब धान में नमी बढ़ने और उपज के उचित भाव नहीं मिलने का डर सताने लगा है।

मंडियों में पर्याप्त तिरपाल और अन्य सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण कई ढेरियां बारिश की चपेट में आ गईं। किसानों का कहना है कि धान की खरीद में देरी के चलते उनकी उपज मंडियों में खुले में पड़ी थी। बारिश के बाद नमी बढ़ने से खरीद प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका है। किसानों को यह भी चिंता है कि नमी के मानकों के कारण उनकी उपज की खरीद में अड़चन आ सकती है और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर धान बेचना पड़ सकता है। जिले की मंडियों के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अब तक 2,50,654 मीट्रिक टन धान पहुंच चुका था। इसमें से 1,66,785 मीट्रिक टन की खरीद हुई थी, जबकि 83,859 मीट्रिक टन धान खरीद की प्रतीक्षा में पड़ा था।

खरीदे गए धान में से केवल 66,326 मीट्रिक टन का उठान हुआ था। ऐसे में 1,00,459 मीट्रिक टन खरीदा गया धान मंडियों में ही पड़ा था। उठान की धीमी गति के कारण मंडियों में जगह की कमी बनी हुई है, जिससे किसानों को अपनी उपज उतारने में भी परेशानी हो रही है। बारिश का असर केवल मंडियों तक सीमित नहीं रहा। खेतों में कटाई के लिए तैयार खड़ी धान की फसल भी कई जगह जमीन पर बिछ गई। इससे पैदावार और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। किसानों ने सरकार से खराब हुई फसल का आकलन करवाने और उचित मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि महीनों की मेहनत और लागत के बाद फसल तैयार हुई थी, लेकिन कटाई के समय हुई बारिश ने नुकसान की चिंता बढ़ा दी है।

बारिश से तरावड़ी अनाज मंडी में जलभराव

तरावड़ी। रविवार दोपहर से हुई मूसलाधार बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शहर की सड़कों पर जगह-जगह बरसाती पानी भर गया, वहीं नालियां जाम होने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हुई। बारिश का सबसे अधिक असर तरावड़ी अनाज मंडी में देखने को मिला, जहां खुले में पड़ी धान की फसल पानी में डूबती और तैरती नजर आई। अपनी मेहनत से तैयार की गई फसल को पानी में डूबता देखकर किसान बेबस दिखाई दिए। दोपहर से लगातार हुई बारिश के कारण अनाज मंडी में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। मंडी में बिक्री के लिए लाई गई धान की फसल को बचाने के लिए किसान तिरपाल डालते नजर आए, लेकिन तेज बारिश और जमा पानी के चलते उनके प्रयास नाकाफी दिखाई दिए। मंडी में जगह-जगह पानी भरने से किसानों को अपनी फसल सुरक्षित रखने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। धान की खरीद के सीजन के बीच बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

प्रशासन ने ढेरियों को ढकने के दिए निर्देश

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि मंडियों में धान की सभी ढेरियों को ढकने के निर्देश संबंधित नोडल अधिकारियों को दिए गए हैं। अधिकारियों ने मंडियों का दौरा कर खुले में रखे धान को ढकवाने की व्यवस्था सुनिश्चित की है। प्रशासन का कहना है कि बारिश अचानक होने के कारण कुछ ढेरियां भीग गईं।

'चाय पर चर्चा' का 47वां आयोजन



करनाल। जनप्रतिनिधि और जनता के बीच संवाद को मजबूत बनाने तथा शहर के विकास में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नेहरू पैलेस स्थित भाटिया टी-स्टॉल पर 'चाय पर चर्चा' का 47वां आयोजन किया गया। इस दौरान करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने शहरवासियों के साथ बैठकर विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की और उनके सुझाव सुने। चर्चा में करनाल को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक बनाने, नागरिक सुविधाओं में सुधार करने तथा शहर के समग्र विकास को गति देने जैसे विषय प्रमुखता से उठे। विधायक ने कहा कि नागरिकों के सुझाव विकास कार्यों को बेहतर दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं को समझकर जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि 'चाय पर चर्चा' केवल आपसी बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि शहरवासियों से जुड़ने और उनकी जरूरतों को समझने की सार्थक पहल है। ऐसे आयोजनों से नागरिकों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है और विकास कार्यों के लिए उपयोगी सुझाव सामने आते हैं। उनका प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक की आवाज सुनी जाए और जनसहयोग से करनाल को विकास की नई दिशा दी जाए।

महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को अपनाएं



करनाल। घरौंडा में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण किया और लिफ्ट का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के जीवन, आदर्शों और सिद्धांतों से युवा पीढ़ी को परिचित करवाना जरूरी है। उनकी प्रतिमा और जीवन परिचय के माध्यम से युवाओं को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने अग्रवाल समाज के लोगों को इस पहल के लिए बधाई दी। महाराजा अग्रसेन का 'एक रुपया-एक ईंट' का सिद्धांत सामाजिक समानता, सहयोग और परस्पर सहायता का प्रतीक है। यह सिद्धांत समाज के प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर चलने और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास' और अंत्योदय की भावना के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

खादी केवल वस्त्र नहीं, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की पहचान : हरविंद्र

खेड़ा कॉलोनी स्थित गायत्री खादी आश्रम का किया निरीक्षण

करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने स्थानीय खेड़ा कॉलोनी स्थित गायत्री खादी आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खादी के विभिन्न उत्पादों का बारीकी से अवलोकन किया और कई उत्पादों की खरीदारी भी की। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में भी खादी ने अपनी विशिष्ट पहचान और महत्ता बनाए रखी है। खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि देश की परंपरा, स्वदेशी भावना और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि खादी उत्पादों को प्रोत्साहन देने से स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और छोटे उद्यमियों को भी बढ़ावा मिलता है। स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिल सकती है। उन्होंने लोगों से खादी को दैनिक जीवन में अपनाने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान गायत्री खादी आश्रम के संचालक एवं नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी और उनके सहयोगी अमन वत्स ने विधानसभा अध्यक्ष को खादी के विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी। उन्होंने उत्पादों की विशेषताओं और गुणवत्ता से अवगत करवाया।



करनाल। गायत्री खादी आश्रम में खादी उत्पादों का अवलोकन करते विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना जरूरी : लोहट

घरौंडा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयुष विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव कालरो के पंचायत घर में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच नीलम राणा और विशिष्ट अतिथि भाजपा मधुबन मंडल मीडिया प्रभारी संदीप लोहट सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। संदीप लोहट ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सोशल मीडिया के दबाव के बीच मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मवीर सिंह ने आयुर्वेद, संतुलित आहार, योग और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी। शिविर में 130 लोगों ने भाग लिया तथा 42 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं।

न्यूज डायरी

नपा उप चेयरमैन पद का चुनाव 16 नवम्बर को

नीलोखेड़ी। नगरपालिक उप चेयरमैन चुनाव की तिथि 16 नवम्बर 2026 तय कर दी गई इस बारे उपमंडल अधिकारी नीलोखेड़ी ने अपने पत्र क्रमांक 1636 के माध्यम से पालिका सचिव डाक्टर राहुल सैनी तथा नगरपालिक चेयरमैन सन्मीत कौर आहूजा को लिखा कि इन चुनावों के लिए पहले भी दो मोके प्रदान किए जा चुके हैं परन्तु किसी कारणवश उक्त चुनाव सम्पन्न न हो सका है।उन्होंने सचिव नगरपालिक को चुनावों बारे चेयरमैन तथा पार्षद गणों को अवगत कराने बारे कहा कि चुनावी प्रक्रिया हेतु सम्पूर्ण पार्षद गण चेयरमैन 16 नवम्बर सुबह 11 बजे नगरपालिक पहुंचें सम्बन्धित पत्र की एक प्रति नोटिस बोर्ड पर लगाने तथा सभी पार्षद गणों को देने के लिए निर्देश जारी किए।

शिविर में 250 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



इंद्री। इंद्री-कुरुक्षेत्र रोड स्थित नक्षत्रा बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सिंचाई विभाग के इंद्री स्थित विश्रामगृह में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों से पहुंची डॉक्टरों की टीमों ने क्षेत्र से आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान करीब 250 लोगों की जांच कर उन्हें तीन दिन की दवाइयां निशुल्क वितरित की गईं। नक्षत्रा बायोफ्यूल्स के सीईओ शिव शंकर रेड्डी ने बताया कि कंपनी की ओर से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाना है । शिविर में पहुंचे लोगों की विभिन्न बीमारियों से संबंधित जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श देने के साथ तीन दिन की दवाइयां मुफ्त में दी गईं। दिल्ली के अग्रसेन अस्पताल से आए डॉ. रमेश बंसल ने कहा कि यदि किसी बीमारी का समय रहते पता चल जाए तो उसका इलाज करवाना आसान हो जाता है और मरीज को जल्द स्वस्थ होने में मदद मिलती है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं और किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर डॉक्टर से परामर्श लें। इस मौके पर नक्षत्रा बायोफ्यूल्स की ओर से सीईओ शिव शंकर रेड्डी, कौशल अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, सरल अग्रवाल और सुमिता अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भगवान श्रीराम के जन्म का भव्य मंचन



घरौंडा। शहर में आयोजित रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म का भव्य मंचन किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला के मंच पर कलाकारों ने धार्मिक प्रसंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों और समाजसेवियों ने भाग लिया तथा रामलीला कमेटी के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ किया गया। इसके बाद समाजसेवी बहन भावना और मनोज राणा ने रामलीला मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले रामलीला स्टेज पर उपस्थित सभी सदस्यों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। राम नाम के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात कलाकारों ने राम जन्म प्रसंग का मंचन किया, जिसे देखने के लिए उपस्थित दर्शकों में उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों ने रामलीला कमेटी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि रामलीला जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी भारतीय संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, सत्य, त्याग, कर्तव्य और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को भी भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है। अतिथियों ने रामलीला कमेटी को सफल मंचन के लिए शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को अच्छे संस्कार देने और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देती है। आयोजन में कमेटी के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और आपसी सहयोग से धार्मिक कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण वातावरण में आगे बढ़ाया गया। रामलीला कमेटी के प्रधान मुनीश गुप्ता, संयोजक संजीव शंटी, सचिव संजीव राणा और कोषाध्यक्ष अमित कुच्छल , तुषार गुप्ता सहित सभी सदस्यों ने आयोजन में अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। इस दौरान क्लब के संरक्षक गुलशन जुनेजा, क्लब प्रधान रामनिवास धीमान, सतीश रोहिल्ला, रामरूप रोहिल्ला, मुकेश गुप्ता, रवि पंचाल, मोहन जैन और देवेंद्र गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म के मंचन के साथ श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। आयोजकों ने शहरवासियों से रामलीला के आगामी मंचन में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने और भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की।

सोशल मीडिया पर छाया विरासत का सांझी उत्सव



कुरुक्षेत्र। हरियाणा की लोककला सांझी को बचाने के लिए विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र तथा एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छठे सांझी उत्सव में जहां एक ओर 100 से अधिक महिलाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया वहीं पर दूसरी ओर विरासत हेरिटेज विलेज की लोककला सांझी को बचाने की मुहिम रंग लाई। विरासत सांझी उत्सव- 2026 की मुहिम सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों लोगों तक पहुंची। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि विरासत हेरिटेज विलेज व एएचए की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। 10 दिन तक चलने वाले इस सांझी उत्सव में बनाई गई सांझियों को देखने के लिए स्कूल के विद्यार्थियों को एक माध्यम प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त अनेक कला प्रेमियों तथा लोककला पर पीएचडी करने वाले छात्रों ने सांझी कला की डॉक्यूमेंटेशन की।

सांझा साहित्य मंच ने देश के हालात पर जताई चिंता

रचनाओं से व्यवस्था को आईना दिखाया

- कृष्ण कुमार निर्माण की पुस्तक 'करतूत पुरानी है' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



सांझा। साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी में पुस्तक का विमोचन करते साहित्यकार।

सांझा साहित्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी सेक्टर-12 स्थित हुड्डा वर्कर यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। सोनीपत से पधारे डॉ. कमर रईस ने गोष्ठी की अध्यक्षता की, जबकि जनाब गुरमुख सिंह वड़ैच मुख्य अतिथि, छछरौली से आईं वर्षा रानी विशिष्ट अतिथि तथा यमुनानगर से पहुंचीं कंचन मिश्रा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मंच संचालन कृष्ण कुमार निर्माण ने किया। गोष्ठी में देश के मौजूदा हालात, सामाजिक विसंगतियों और व्यवस्था से जुड़े सवालों पर कवियों व शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से विचार रखे। गोष्ठी के दौरान मंच अध्यक्ष कृष्ण कुमार निर्माण की नई पुस्तक 'करतूत पुरानी है' का विमोचन किया गया। साहित्य अकादमी हरियाणा की ओर से पांडुलिपि चयन के लिए करनाल की कवयित्री चन्द्रवती दीक्षित को बधाई दी गई। कृष्ण कुमार निर्माण ने व्यवस्था से जवाबदेही की मांग करते हुए सुनाया।

पहरे हैं सवालों पर, जवाब कौन देगा,
तानाशाही हाकिम की, हिसाब कौन देगा।

हरबंस लाल पथिक ने बदलते रिश्तों पर कटाक्ष किया—

दोस्त कुछ ज्यादा ही वफादार हो गए हैं,
दुश्मन भी अब बेशुमार हो गए हैं।

गोष्ठी में उपस्थित साहित्यकारों ने एक स्वर में कहा कि देश में उठ रहे सवालों का जवाब दिया जाना चाहिए, ताकि समाज में भ्रम की स्थिति न बने। कृष्ण कुमार निर्माण ने सभी अतिथियों, कवियों और शायरों का आभार व्यक्त किया। जलपान की व्यवस्था संगीता शर्मा झंझाड़ी की ओर से की गई। इस अवसर पर ऋषिपाल निरंकारी, महेंद्र ज्वाला, कुलदीप आढ़ती, शिवम निनानिया और समर्पिता कृष्ण सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

अधिक पैदावार पर भी एमएसपी पर खरीदा जाएगा धान : राणा



करनाल। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को कुंजपुरा, घरौंडा, असंध, जुंडला, निसिंग और निगदू की अनाज मंडियों का दौरा कर धान खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में धान लेकर पहुंचे किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों से बातचीत कर खरीद, उठान तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उनका समाधान करवाया। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीद सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि यदि किसी किसान के खेत में निर्धारित औसत से अधिक धान की पैदावार होती है तो उसे अपनी फसल बेचने के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे किसान अपनी मंडी के सचिव को इसकी जानकारी दें। मंडी सचिव संबंधित एसडीएम, जिला कृषि उपनिदेशक और उपायुक्त को सूचित करेंगे।

खबर संक्षेप

आयुष्मान का लाभ लें: डीसी

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि चिरायु आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाया है। अब परिवार पहचान-पत्र (पीपीपी) में दर्ज सत्यापित वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से अधिक होने पर भी पात्र परिवार नाममात्र वार्षिक प्रीमियम का भुगतान करके योजना का लाभ उठा सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना और गंभीर बीमारियों के उपचार पर होने वाले खर्च के बोझ को कम करना है।

घर से गहने चोरी

पानीपत। पानीपत के हुडा सेक्टर छह निवासी मनोज यादव के घर की पहली मंजिल पर किराये पर निवास कर रहे राजकीय अध्यापक नरेश वर्मा के घर से उनकी नौकरानी शालिनी ने करीब दो लाख रुपये कीमत के जेवर कर फरार हो गई। शालिनी ने मकान मालिक मनोज यादव के घर से भी जेवर व नगदी चोरी की थी। वहीं, नरेश व व मनोज यादव ने थाना हुडा सेक्टर 13-17 पुलिस को शालिनी की शिकायत दी है। पुलिस ने शालिनी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

व्यक्ति लापता, केस दर्ज

पानीपत। पानीपत की होम एम्पीरियम सोसाइटी निवासी 33 वर्षीय सचिन तीस सितंबर से लापता है। सचिन अपने परिजनों को दो दिन के लिए चंडीगढ़ जाने की बात कहकर घर से निकला था, इसके बाद से सचिन का कोई सुराग नहीं है। इधर, सचिन की पत्नी की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर सचिन की तलाश शुरू कर दी है।

श्री रामलीला का शुभारंभ

पानीपत। पानीपत के गांव सनौली खुर्द गांव में आदर्श रामलीला ट्रस्ट की ओर से रामलीला मंचन का शुभारंभ पत्रकार यूनियन के जिला प्रधान दीपक अत्री, जोगिंदर त्यागी, आनंद कौशिक और गांव के सरपंच संजय त्यागी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। वहीं, रामलीला कमेटी के प्रधान बलिस्टर त्यागी, शिव मंदिर के प्रधान राजवीर त्यागी, जैगुआर विनोद, कृष्णपाल त्यागी, सुरता नंबरदार, कृष्ण धीमान, नरेश त्यागी, सुनील त्यागी आदि उपस्थिति रहे।

बाइक चोर पकड़ा

पानीपत। एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने के आरोप में राजन पुत्र विजय निवासी भारत नगर बबैल रोड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद की। थानेदार राकेश ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बारे राजबीर पुत्र हदय राम की शिकायत पर केस दर्ज है।

मंदिरों पर पुलिस तैनात

पानीपत। पानीपत पुलिस द्वारा नवरात्रों के त्योहार को मध्यनजर रखते हुए सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण की कमान में सभी मंदिरों में पुलिकर्मचारियों की डयूटिया लगा दी। और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त बढा दी गई है। ताकि आमजन को त्यौहारों के दौरान किसी असुविधा का सामना ना करना पड़े। आमजन भी इसमे पुलिस का सहयोग करें।

दशहरा को लेकर बैठक की

पानीपत। श्री राम दशहरा कमेटी बरसत रोड ने दशहरा पर्व की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं, दशहरा ग्राउंड में मिट्टी डालकर, कंप्यूटराइज्ड गोड़ी से मैदान को समतल किया जा रहा है। जबकि तैयारियों का दशहरा कमेटी प्रधान भीम सचेदवा, हरबंस आनंद, रमेश सतीजा, राममेहर कौशिक, आरएस नासा, हरीश अरोड़, सुनील थम्मन आदि ने निरीक्षण किया।

श्री गणेश मंदिर में पूजा

पानीपत। श्री हनुमान सभा भाटिया कॉलोनी और श्री गणेश मंदिर सेवा समिति की ओर से आयोजित होने वाली श्री राम विजय रथ शोभायात्रा के शुभारंभ से पहले श्री गणेश मंदिर में भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर हेमंत शर्मा, हरीश बंसल, सुमित ठुकराल, दीपक इसपुनानी, लवली गुम्बर, राजेश गर्ग, गुलशन धमीजा, नरेश डावर, सारांश, कनिष्क पोपली, केशव, हार्दिक, तन्मय, सिद्धार्थ ठकराल शिवम आदि उपस्थित रहे।

वित्तीय साक्षरता हर नागरिक के लिए आवश्यक: दीक्षित

आईसीएआई ने आर्य कॉलेज में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम किया

■ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार व सीटीएम टीनू पोसवाल ने मार्गदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईसीएआई के निवेशक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो: हरिभूमि

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) की एफएम एंड आईएसी के तत्वावधान में, आईसीएआई की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी) की पानीपत शाखा द्वारा सेबी के सहयोग से विश्व निवेशक सप्ताह के तहत आर्य पीजी कॉलेज में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों एवं निवेशकों को विभिन्न निवेश विकल्पों, वित्तीय साक्षरता तथा सुरक्षित एवं समझदारीपूर्ण निवेश के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की थीम "समझ से निवेश सरल" रही, जिसके अंतर्गत म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार, आरईआईटीएस, आईएनवीआईटीएस, बॉन्ड्स एवं कमोडिटीज जैसे विभिन्न निवेश विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार व सीटीएम टीनू पोसवाल ने मार्गदर्शन किया। जबकि आईसीएआई की पानीपत शाखा के अध्यक्ष सीए भूपेंद्र दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए वित्तीय साक्षरता आवश्यक है, ताकि वह अपनी आय, बचत एवं भविष्य की वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सही निवेश निर्णय ले सके। वहीं, अतिथि वक्ता सीएम मुकुल लांबा, आईसीएआई की पानीपत शाखा के उपाध्यक्ष सीए जितेंद्र बंगा, आईपी चेयरमैन सीए सोनू गोयल ने भी मार्गदर्शन किया।



पानीपत। श्री रामा ड्रामाटिक क्लब के पदाधिकारी मुख्यातिथि मनोज बंसल को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

प्रभु राम की शिक्षाओं का जीवन में पालन करें: बंसल

समालखा। समालखा में देश को आजादी मिलने से पहले भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन कर रही प्रमुख संस्था श्री रामा ड्रामाटिक क्लब ने रामलीला मंचन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष की लीला का शुभारंभ किया। वहीं, उद्घाटन समारोह में करनाल लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ चुके समाजसेवी मनोज बंसल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और फीता काटकर रामलीला का उद्घाटन किया। मनोज बंसल ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को रामलीला दिखाने जरूर लाएं, क्योंकि रामलीला नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और कर्तव्यपालन से परिचित कराने का सशक्त माध्यम है। प्रभु राम की शिक्षाओं का जीवन में पालन करें। वहीं, क्लब के प्रधान बिजेंद्र गर्ग, उपप्रधान दिनेश शर्मा, निदेशक राजेंद्र जैन, जयपाल शर्मा, मुकेश पिंटा, अमित, संदीप, सतीश लाहोट ने मनोज बंसल व उनके साथियों को सम्मानित किया।

■ समालखा में श्री रामा ड्रामाटिक क्लब की रामलीला का शुभारंभ

नवरात्रों पर सुमन किन्नर भवन में अखंड ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



नवरात्रों के शुभारंभ पर असंध रोड स्थित सुमन किन्नर भवन में किन्नर समाज ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर अखंड ज्योत प्रज्वलित की। भवन में माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। महंत बेबी किन्नर की चेला नैना महंत ने कहा कि नौ दिनों तक सुबह-शाम माता रानी की पूजा-अर्चना की जाएगी और शहर सहित पूरे देश की सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में दुर्गा स्तुति के पाठ से मन को शांति और सकारात्मकता मिलती है। उन्होंने जानकारी दी कि बुधवार को किन्नर समाज की ओर से शहरवासियों को माता रानी के आशीर्वाद स्वरूप सिक्का भी दिया जाएगा। इस अवसर पर महंत नैना शर्मा की सभी चेलियां मौजूद रहीं।

प्रशासन ने जनसुनवाई की

पानीपत। सेवा सेतु संकल्प अभियान के तहत बीडीपीओ कार्यालय सनौली खुर्द में शिविर आयोजित किया गया। बीडीपीओ शक्ति सिंह की देखरेख में लगे शिविर में जनसुनवाई की गई। वहीं, कैंप में आई शिकायतों को संबंधी विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया। इस अवसर पर बिजली निगम के एसडीओ कृष्ण कुमार, जेई मोहन लाल, जिला पार्षद प्रतिनिधि विपिन पांचाल, सरपंच संजय त्यागी, आयुष चिकित्सक वीएन राय, संगीता, कमलेश, भाजपा नेता जगबीर, गुलशन कुमार, अशोक कुमार, चरणजीत आदि उपस्थित रहे।

■ शिकायतों को संबंधी विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया

मानवता के विरुद्ध है अंधविश्वास: स्वामी दिव्यानंद

■ पाखंड के खिलाफ हरियाणा में अभियान चलाएगा आर्य समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। बैठक करते हुए प्रदेश भर से आए आर्य समाजी। फोटो: हरिभूमि

पानीपत के हुडा सेक्टर-12 स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को आर्य समाज के प्रमुख संतों और प्रबुद्धजनों की बैठक हुई। बैठक में ढोंग-पाखंड और अंधविश्वास फैलाने वालों के खिलाफ पूरे हरियाणा प्रदेश में बड़े स्तर पर अभियान चलाने और हुंकार भरने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास मानवता के विरुद्ध है। बैठक के दौरान आर्य संतों ने विवादित संत रामपाल को शास्त्रार्थ यानि धार्मिक डिबेट के लिए एक बार फिर से खुली चुनौती दी है। बैठक संपन होने के बाद गुरुकुल गांव कालवा के स्वामी दिव्यानंद ने बताया कि बीते दिनों संत रामपाल द्वारा आर्य समाज को शास्त्रार्थ की चुनौती दी गई थी और डिबेट करने की बात कही गई थी। उन्होंने खुलासा किया कि रामपाल की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए गत तीन अक्टूबर को आर्य समाज से जुड़े कई प्रमुख स्वामी और विद्वान खुद धनाना स्थित रामपाल के आश्रम पहुंचे थे। हालांकि, वहां पहुंचने के बाद भी आश्रम प्रबंधन या रामपाल की ओर से कोई भी डिबेट करने के लिए सामने नहीं आया। स्वामी दिव्यानंद और उपस्थित संतों ने ऐलान किया कि अब आगामी 15 नवंबर को जींद के गुरुकुल गांव कालवा में विशाल आर्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन के मंच से रामपाल को औपचारिक रूप से डिबेट में शामिल होने का निमंत्रण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के मुख्य मंच पर एक तरफ आर्य समाज के विद्वानों और संतों की कुर्सियां होंगी, वहीं दूसरी तरफ विशेष रूप से रामपाल के लिए कुर्सी लगाई जाएगी। वे आएं और धर्म व शास्त्रों के ज्ञान पर खुलकर डिबेट में हिस्सा लें। वहीं, पाखंड विरोधी इस बैठक में दिलबाग आर्य, आचार्य राजेंद्र गुरुकुल गांव कालवा, आर्य सुरेश मलिक वाइस चेयरमैन, जिला परिषद, प्रोफेसर आनंद आर्य, शशि चड्ढा, रमेश बजाज, निशांत आर्य, संदीप आर्य, चंद्र गुलाटी, आदम प्रकाश आर्य उपस्थित रहे।

एसई ऑफिस पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

■ न्यू मुखीजा कॉलोनी में बिजली संबंधी कार्य बंद किए जाने से नाराज है स्थानीय निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। बिजली निगम के एसई ऑफिस पर धरने पर बैठक न्यू मुखीजा कॉलोनी निवासी। फोटो: हरिभूमि

पानीपत की न्यू मुखीजा कॉलोनी की गली नंबर पंद्रह में बिजली का काम रोके जाने से नाराज स्थानीय नागरिकों ने पानीपत के मुख्य बिजली घर परिसर स्थित अधीक्षक अभियंता यानि एसई ऑफिस के सामने टेंट लगाकर धरना शुरू कर दिया। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि काम पूरा होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा और वे मंगलवार को नगर निगम के वार्ड नौ के पार्षद के घर के बाहर टेंट लगाकर धरना देंगे। पूर्व पार्षद बलराम मकौल ने बताया कि गली में 11 केवी की बिजली लाइन खुली तारों के रूप में लगी हुई है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों ने इन तारों को हटाकर केबल लगवाने के लिए बिजली निगम में शिकायत दी थी। निगम ने सर्वे के बाद काम को जरूरी माना और मौके पर लाइन बदलने की प्रक्रिया शुरू करवाई। इसके लिए केबल और खंभे भी मंगवाए गए। उन्होंने बताया कि इसी काम के बीच गली में एक व्यक्ति ने अपने घर के सामने बिजली का खंभा लगाने का विरोध किया। इसके बाद स्थानीय नेताओं के फोन आने लगे और बिजली निगम ने काम रोक दिया। अब कभी खंभे को दूसरी जगह लगाने की बात कही जाती है तो कभी काम आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया जाता है। इससे पूरी गली के लोगों की सुरक्षा से जुड़ा काम अधर में लटक गया है। आंदोलनकारी सुबुद्धि जैन, सोनू, सुनील मलिक, प्रमोद छिल्लर, रणजीत मकोल, राजकुमार, राजेश शर्मा, दिनेश शर्मा ने कहा कि बिजली संबंधी काम पूरा होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

अग्रसेन की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



समालखा। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में मंचासीन डॉ अर्चना गुप्ता व मंत्री विपुल गोयल आदि। फोटो: हरिभूमि

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सामाजिक समरसता, सहयोग और जनकल्याण के सिद्धांत आज भी समाज को नई दिशा दे रहे हैं। अग्रवाल समाज ने सदैव सामाजिक और धार्मिक कार्यों के साथ-साथ जरूरतमंदों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई है। डॉ. गुप्ता, रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। वहीं, डॉ. गुप्ता ने कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के साथ अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट, पानीपत की ओर से आयोजित महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में मेयर कोमल सैनी, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, राहुल विज, महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट पानीपत के संजय अग्रवाल, जयभगवान कंसल, विजय तायल, नीरज गोयल, अमित राज गुप्ता, राजेश जैन, अमरनाथ गुप्ता, शिवकुमार मित्तल, सुनील कंसल, राहुल सिंगला, सियाराम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



साईं सभा ने माता रानी का जागरण करवाया

पानीपत। पानीपत की महावीर कॉलोनी में साईं सभा की ओर से आयोजित 19वां विशाल माता रानी जागरण शनिवार रात श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू होकर रविवार सुबह संपन्न हुआ। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के अवसर पर अखंड ज्योति, माता रानी का भव्य दरबार और छप्पन भोग श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। भजन गायकों ने गणेश वंदना के साथ मां भगवती की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर विकास त्यागी, विकास जैन, त्रिशपाल शर्मा, काला मलिक, रविन्द्र, संजय, सन्नी, बिजेंद्र, रवींद्र कश्यप, वेदपाल और समाजसेवी प्रवीन कुमार जैन सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

नशा तस्करी के आरोपियों के प्रतिष्ठानों पर पुलिस के छापे

■ रविवार के तड़के आठ थाना क्षेत्रों में पुलिस की 24 टीमों ने दी दबिश, एक नशा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। महिला पुलिस, नशा तस्करी के आरोपी के घर की तलाशी लेते हुए तथा पानीपत पुलिस का डॉग स्कवायड नशा तस्करी के आरोपी के घर की जांच करते हुए।

पानीपत पुलिस ने रविवार के तड़के करीब पांच बजे पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण की कमान में छह पर्यवेक्षण अधिकारियों, 24 टीमें व 240 पुलिस जवानों की टीम का गठन करके पानीपत जिले में थाना क्षेत्र सनौली, थाना बापौली, थाना चांदनी बाग, थाना पुराना औद्योगिक , थाना किला, थान इसराना, थाना समालखा, थाना मतलौडा के क्षेत्रों में कथित रूप से मादक पदार्थ बेचने वालों के संभावित ठिकानों व जिन पर नशा बेचने के पहले भी आपराधिक मुकदमें दर्ज है। उन सभी संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर और संदिग्ध स्थानों पर नारकोटिक्स डॉग्स स्कवॉड टीम के साथ मिलकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गंगापुरी रोड पर थाना चांदनी बाग के क्षेत्र में सूरज उर्फ सोनू पुत्र जगदीश निवासी गंगारपुरी रोड पानीपत के पास से 34 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया। अभियोग में आगे की कार्रवाइ की जा रही है।

रविंद्रा अस्पताल में रोगी की मौत पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ परिजनों ने रविंद्रा अस्पताल प्रशासन की पुलिस को शिकायत दी

पानीपत के मॉडल टाउन स्थित रविंद्रा अस्पताल में भर्ती मरीज 43 वर्षीय सुनील कुमार निवासी गांव वाजिडा जाटताना जिला करनाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने और स्थिति छिपाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजन जब घटना के वक्त का सीसीटीवी फुटेज मांगने लगे तो अस्पताल प्रबंधन ने फुटेज दिखाने से साफ इनकार कर दिया, जिससे गुस्साए परिजनों ने थाना मॉडल टाउन पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, रविंद्रा अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अमन अरोड़ा ने कहा कि हमारे पास पेशेंट समालखा से रेफर होकर आया था। फिर भी हमने काफी हद तक रिकवर किया। लेकिन, उसे दोबारा अटैक आया और उसकी मौत हो गई। हमारी तरफ से कोई लापरवाही नहीं बरती गई। स्मरणीय है कि पानीपत की निजी कंपनी में काम करने वाले अमन को दस अक्टूबर को सीने में तेज दर्द होने के चलते रविंद्रा अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद मरीज को हार्ट अटैक आने और स्टंट डालने की बात कहकर इलाज शुरू किया। देर रात को परिजन सुनील से मिले थे और ठीक था। इसके बाद उसे फिर दिल का दौरा पडा और उसकी मौत हो गई। इधर, पुलिस ने सुनील के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

पूर्वांचलियों का धरना संपन: पानीपत रेलवे स्टेशन पर बिहार जाने वाली ट्रेनों के ठहराव और रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग को लेकर पिछले नौ दिनों से चल रहा पूर्वांचल समाज का धरना रविवार को स्थगित हो गया। वहीं, आंदोलनकारी व रेलवे के बीच अमृतसर से बिहार के जयनगर तक एक स्पेशल ट्रेन चलाने व सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस का पानीपत स्टेशन पर ठहराव करने पर सहमती बनी है। वहीं, पूर्वांचलियों ने स्पष्ट किया कि चार मांगें शेष है इनके पूरा होने तक संघर्ष जारी रहेगा। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो दोबारा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

सानिया, खुशी, वैष्णवी विजेता: देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में समाजशास्त्र एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "21वीं सदी का युवा: साइबर अपराध, नशा एवं सामाजिक सुरक्षा की चुनौतियां" विषय पर क्विज का आयोजन हुआ। क्विज में सानिया, खुशी, वैष्णवी की टीम प्रथम, मोनिका, नीति, काजल की टीम द्वितीय, सारिका, टीना, सौरव कुमार की टीम तृतीय रही। विजेताओं को टीचर तकदीर सिंह, डॉ. रीना, डॉ. नरेश ढांडा ने पुरस्कृत किया।

नागरिकों को योगाभ्यास करवाया: पानीपत की दत्ता कॉलोनी स्थित प्रेम पार्क में नागरिकों को योगाभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में रामपाल, रामपाल शर्मा कवी, रमेश कपूर, संगीता तनेजा, निर्मल सिंह, सुनीता, रोहित, रोशन फौजी, सूबेदार कवी, सरदार तरसेम सिंह, प्रीतम, राजकुमार, नितिन, सतीश, परमजीत सेन, जगविंदर, कुलदीप, उपेंद्र शर्मा, कृष्ण, संतोष, कमला रानी आदि मौजूद रहे।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने अनाथालय में बच्चों को ड्रेस व बैग बांटे

शिक्षा इंसान की तरक्की की सशक्त राह: नवीन

■ जो हाथ जरूरतमंदों की मदद के लिए उठता है, उसे ही भगवान आशीर्वाद देने के लिए पकड़ते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा जिलाउपाध्यक्ष नवीन भाटिया के साथ अनाथालय में निवास कर रहे बच्चें। फोटो: हरिभूमि

भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना हर इंसान का नैतिक कर्तव्य है।

वहीं समर्थ लोगों को तो हर हाल में निर्धनों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। नवीन अपनी टीम के साथ कृष्णपुरा स्थित अनाथालय में निवास कर रहे बच्चों को ड्रेस व बैग वितरण करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। भाटिया ने बताया कि उन्हें अनाथालय प्रशासन ने बच्चों की समस्याओं से अवगत करवाया था, वहीं वे अपनी टीम के साथ बच्चों से मिले और उन्हें ड्रेस व बैग वितरित किए। कहा की शिक्षा इंसान की तरक्की की सशक्त राह है।

उन्होंने कहा कि जो हाथ जरूरतमंदों की मदद के लिए उठता है उसे ही भगवान आशीर्वाद देने के लिए पकड़ते है। इसके मद्देनजर सभी नागरिकों को जरूरमंदों की मदद अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता चेतन तनेजा, विक्की बत्रा, ओम दत्त, हिमांशु बिरमानी आदि उपस्थित रहे। वहीं, नई ड्रेस व बैग पा कर बच्चें बेहद खुश नजर आए।

खबर संक्षेप

विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहा विपक्ष : विज

अंबाला। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन में विपक्षी दलों के शामिल होने को लेकर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं और देश की शांति भंग करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कानून और संविधान का पालन करना जरूरी है। प्रदर्शन करना सबका अधिकार है, लेकिन इसके लिए तय नियमों का भी पालन होना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जनता ने उन्हें हर जगह नकार दिया है। हाल ही में हुए उपचुनावों में भी कांग्रेस एक सीट नहीं जीत पाई। अनिल विज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विपक्षी दल कानून और संविधान को नहीं मानते। वे नॉन-इश्यू को इश्यू बनाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को लेकर नियम तय किए हुए हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी उनका पालन नहीं करते। उन्होंने कहा कि सभी को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन अधिकारों के साथ नियमों का पालन करना भी जरूरी है।

लाभाकारी साबित हो रहे सेवा सेतू शिविर

नारायणगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर पात्र नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं। इसके लिए लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया है। शिविर के माध्यम से समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उनकी पेंशन संबंधी आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस दौरान 7 वृद्धावस्था पेंशन और 1 विधवा पेंशन से संबंधित प्रक्रिया पूरी की गई। गांव के नजदीक ही सरकारी योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं मिलने से लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली।

धूलकोट हादसे में दो की गिरफ्तारी पर रोक

अंबाला। धूलकोट गांव में निर्माणाधीन इमारत के ढहने से सात मजदूरों की मौत के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने जमीन मालकिन प्रीतम कौर व सुपरवाइजर को बड़ी राहत दी है। अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान करते हुए जांच में शामिल होने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता प्रीतम कौर ने अदालत को बताया कि वह उस जमीन की मालकिन हैं जिस पर इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था। ईमारत निर्माण का ठेका मलकीयत का दिया गया था। मगर इस दुर्घटना में ठेकेदार की भी मृत्यु हो चुकी है।

महिला पांच साल की बच्ची के साथ लापता

अंबाला। अंबाला मार्केट स्थित एचपी गैस एजेंसी से एक महिला अपनी 5 साल की बेटी के साथ लापता हो गई। महिला का पति कपड़ों की फेरी लगाने का काम करता है। पति के अनुसार, शनिवार सुबह उसकी पत्नी बेटी को लेकर गैस एजेंसी पहुंची थी। दोपहर करीब 1:30 बजे एजेंसी से फोन आया कि महिला अपनी बेटी के साथ वहां से चली गई है। इसके बाद पति ने पत्नी और बेटी की तलाश की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं लगा। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जेवर एयरपोर्ट के नामांकरण पर मंत्री विज ने जताई खुशी

अंबाला। श्रम मंत्री अनिल विज ने उत्तर प्रदेश कैबिनेट द्वारा नोएडा एयरपोर्ट का नाम नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने पर खुशी जताई है। उन्होंने सपा नेता अखिलेश यादव के विरोध जताने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने इस देश को इतना मान-सम्मान दिया है, सारे विश्व में भारत का नाम है। पहले भारत को दब्बू देश माना जाता था, अब अगर कोई देश कोई दुस्साहस करता है तो उसके घर में घुसकर उसे मारा जाता है। हर क्षेत्र में तरक्की हुई है और हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। भारत को 2047 तक विकसित करने का किसी प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है तो क्या उनके नाम से कोई एयरपोर्ट का नाम भी नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि जगह-जगह नरेंद्र मोदी के नाम रखने चाहिए ताकि उनके व्यक्तित्व से आम लोग भी प्रेरणा लें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

किसानों का आरोप मंडियों में फसल बचाने की नहीं है कोई व्यवस्था

मंडियों में अव्यवस्थाओं की पोल खुली बरसात से खुले में पड़ा धान भीगा

प्रदेश की अनाज मंडियों में व्यवस्था और प्रबंधों को लेकर प्रशासन के तमाम दावे खोखले, तिरपाल ढकने के बावजूद नीचे घुस गया धान में बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। बरसात की वजह से मंडी में भीगती धान की फसल। फोटो : हरिभूमि

अचानक मौसम बदलने के साथ हुई बरसात ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी। बरसात की वजह से यहां की ज्यादातर मंडियों में खुले में पड़ा धान भीग गया। अचानक हुई कि किसानों व मजदूरों को धान को तिरपाल से ढकने तक का समय नहीं मिला। बारिश के बीच ही किसान धान को बचाने की कोशिश करते नजर आए लेकिन उनकी मेहनत पूरी तरह काम नहीं आई। तिरपाल से ढकने के बावजूद नीचे से बारिश का पानी धान में घुस गया जिसके कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। किसानों ने प्रशासन से मंडियों में फसल की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। उधर रविवार को छुट्टी की वजह से मंडियों में धान की खरीद बंद थी लेकिन रोजाना की तरह धान की आवक जारी रही। किसान अपनी फसल लेकर मंडियों में पहुंच रहे थे। ऐसे में खुले में रखे धान को बारिश से बचाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण बड़ी मात्रा में फसल भीग गई। अचानक हुई बारिश ने मंडियों में धान को सुरक्षित रखने के इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मोहड़ा अनाजमंडी में अचानक बरसात से किसानों को नुकसान

अंबाला छावनी की मोहड़ा अनाज मंडी में बरसात की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ। प्रशासन के पुख्ता दावों की पोल उस समय खुल गई जब खुले आसमान के नीचे पड़ा किसानों का धान पानी में भीग गया। बरसाती पानी से बचाने के लिए किसानों को फसल बचाने के लिए भारी कसरत करनी पड़ी। ज्यादातर किसानों ने खुद के तिरपाल से धान को ढंकने की कोशिश की तो कुछ ने शैड के नीचे बची-खुची जगह में बोरियां बचाने का प्रयास किया। इसके बावजूद धान पानी से भीग गया। बोरियों में भरा धान भी पानी की भेंट चढ़ गया। किसानों का कहना है कि उनकी सूखी हुई फसल अब बारिश के पानी में भीग चुकी है। मौसम साफ होने के बाद उन्हें एक बार फिर से धान सुखाने और फटकने की मशक्कत करनी होगी। इस प्रकार धान के भीगने से उसमें नमी की मात्रा बढ़ेगी जिससे सरकारी खरीद के दौरान उन्हें नुकसान और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

अचानक बरसात से धान कटाई प्रभावित

बरसात का असर केवल मंडियों तक सीमित नहीं रहा बल्कि खेतों में धान की कटाई भी प्रभावित हुई है। खेतों में खड़ी और कटी हुई फसल पर बारिश का असर पड़ने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बरसात के बाद खेतों में नमी बढ़ने से कटाई का काम रुक सकेगा। मौसम साफ होने के बाद भी खेतों के सूखने में समय लगेगा। ऐसे में किसानों को अगले दो से तीन दिन तक धान की कटाई में परेशानी आने की आशंका है। बारिश में धान भीगने के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम साफ होने पर उन्हें फसल को दोबारा सुखाने की मशक्कत करनी पड़ सकती है। निर्धारित मानकों के अनुसार नमी नहीं होने पर किसानों को फसल सुखाने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में बारिश के आसार बने रह सकते है। किसानों की मांग है कि मंडियों में धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त तिरपाल, शेड और अन्य जरूरी इंतजाम किए जाएं, ताकि मौसम खराब होने पर उनकी मेहनत की कमाई को नुकसान न उठाना पड़े।

छावनी में मालिकाना हक पर आर-पार की लड़ाई का ऐलान



अंबाला। कैंपेन के दौरान युवा नेत्री चित्रा सरवारा व अन्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के एक्साइज एरिया में दशकों से चली आ रही स्वामित्व संबंधी अनिश्चितता के विरुद्ध युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने 'आजाद अंबाला कैंपेन' के जरिए निर्णायक जन-अभियान की शुरुआत की है। हनुमान मार्केट स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर हलवाई बाजार के रास्ते खान ढाबा तक पहुंचे इस अभियान ने एक बुनियादी सवाल सार्वजनिक विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है—जिन परिवारों ने पीढ़ियों तक अपनी संपत्तियों पर जीवन खपाया, सरकारी शुल्क अदा किए और अपने घरों को अगली पीढ़ी की विरासत बनाया, उन्हें पूर्ण कानूनी स्वामित्व देने के मामले में आखिर इतनी लंबी प्रतीक्षा क्यों? चित्रा सरवारा ने प्रस्तावित फ्री-होल्ड नीति में भारी शुल्क की आशंका पर सवाल उठाते हुए मांग की कि सरकार नागरिकों को अधिकार देने की प्रक्रिया को नई आर्थिक बाध्यता में तब्दील न करे। सरवारा ने इस मुद्दे को महज जमीन के कागजात अथवा राजस्व विभाग की औपचारिकता का मामला मानने से इनकार करते हुए कहा कि अंबाला छावनी के हजारों परिवारों की जिंदगी, जमा-पूंजी, कारोबार और पारिवारिक भविष्य इससे जुड़ा है। उनके मुताबिक, जब नागरिक दशकों तक संबंधित संपत्तियों के लिए हाउस टैक्स, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य निर्धारित शुल्क चुकाते रहे हैं, तब उनके स्वामित्व को स्पष्ट और सुरक्षित बनाने की मांग को अनिश्चितकाल तक प्रशासनिक प्रक्रियाओं के हवाले नहीं छोड़ा जा सकता।

ये रहे उपस्थित

मौके पर सोनू गुज्जर, जीवन कुमार, सुरेश त्रेहन, वीरेंद्र गांधी, सुरेश विग, रमेश चंद्र पप्पू, उमेश साहनी बिट्टू,नवीन यादव,प्रमोद अग्रवाल,अविनाश, विजय गुम्बर, योगेश गुप्ता,सुमित अग्रवाल, चिरंजी लाल,गुरकिरपाल सिंह जस्सल,विजय वालिया,गगन मारवाह,ज्योत्स्ना वालिया,गुलशन धीमान, सुभाष चंद, नवीन यादव,गुरप्रीत सिंह, आदित्य गोयल, अश्वनी आहूजा,विनोद जौहर,कमल मक्कड़,प्रमोद अग्रवाल, पवन बांगा आदि रहे।

मरीजों के लिए अस्पतालों में लगेंगे क्यूआर कोड

■ अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निरीक्षण कर नागरिक अस्पतालों की जांची व्यवस्थाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मरीज का हालचाल पूछती अतिरिक्त मुख्य सचिव। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य, आयुष एवं राजस्व विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव. डॉ सुमिता मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नागरिक अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ अन्य चिकित्सा सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है। मिश्रा ने रविवार को नागरिक अस्पताल अंबाला छावनी का औचक निरीक्षण करते हुए यह बात कही। अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते हुए सबसे पहले पंजीकरण कांउटर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सिविल सर्जन को यहां पर क्यूआर कोड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को पंजीकरण के कार्यों में सुगमता हो सके। इसके उपरांत उन्होंने जनरल वार्ड के साथ-साथ एमरजेंसी वार्ड में दाखिल मरीजों से भी बातचीत करते हुए चिकित्सा सुविधाओं के बारे में पूछा। ड्यूटी पर तैनात डॉ. रितिका ने मरीजों के उपचार से संबंधित तमाम जानकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव को दी। उन्होंने इस मौके पर अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था को भी जांचा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारा प्राथमिकता है। मिश्रा ने सिविल सर्जन तथा पीएमओ से स्टॉफ की उपलब्धता के साथ-साथ दवाईयों व अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी हासिल की।अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में रेनोवेशन के कार्य के साथ-साथ नवनिर्मित अस्पताल के कार्य की प्रगति भी जानी। सिविल सर्जन ने बताया कि नागरिक अस्पताल का रेनोवेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। यहीं पर 200 से 300 बैड का जो अस्पताल का विस्तारिकरण का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही उसका उद्घाटन करवाकर जनता को यह सौगात भी समर्पित की जाएगी।

सीबीपी में शिक्षकों ने सीखे गणित को रोचक तरीके से पढ़ाने के गुर

■ जॉयफुल मैथ' से दूर होगा गणित का डर, खेल और गतिविधियों के जरिए पढ़ाई को बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



शैमफोर्ड विद्यालय में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास और शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सीबीएसई के दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। 'जॉयफुल मैथ' विषय पर आधारित इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को गणित को सरल, रोचक और गतिविधि आधारित तरीके से पढ़ाने की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षक डॉ. गौरव गर्ग और सिम्मी जिंदल ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान दोनों विशेषज्ञों ने गणित शिक्षण की विभिन्न प्रभावी विधियों की जानकारी देते हुए बताया कि गणित को केवल सूत्रों और संख्याओं तक सीमित रखने के बजाय दैनिक जीवन के उदाहरणों से जोड़ना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि विकसित हो और वे इसे आसानी से समझ सकें। प्रशिक्षकों ने खेल-आधारित गतिविधियों, पहेलियों, गणितीय प्रश्नोत्तरी, समूह कार्य और शिक्षण सामग्री के माध्यम से बच्चों को गणित सिखाने के तरीके समझाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने कहा कि आधुनिक शिक्षा में विद्यार्थियों की रुचि और आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण पद्धतियां अपनाना समय की मांग है।



शिक्षा का उद्देश्य किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाना : खरबंदा

बराड़ा। समाजसेवा और मानवता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब की ओर से सनशाइन पब्लिक स्कूल बिजंलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल रजनी खरबंदा, निर्देशक कामेश्वर प्रसाद, एमडी सौरभ राणा, ज्योति सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहा। शिविर के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि रक्तदान केवल एक सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का अवसर भी है। रोटरी क्लब के प्रधान बलकार सिंह कंबोज ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। जरूरत के समय रक्त की उपलब्धता किसी मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित अंतराल पर चिकित्सकीय सलाह के अनुसार रक्तदान करना चाहिए। स्कूल प्रिंसिपल रजनी खरबंदा ने कहा कि रक्तदान शिविर जैसे आयोजन विद्यार्थियों और समाज में सेवा, सहयोग तथा मानवीय संवेदनाओं की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

जैन धर्म अपने नियमों व शिक्षाओं से बना शांति का प्रतीक : अनिल

■ जैन गर्ल्स स्कूल में हुआ विश्वशांति महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह धन्य हो गए कि मुनि श्री निशचिंतसागर महाराज मेरे शहर, मेरी जन्मभूमि पर चातुर्मास के लिए पधारे। यहां विश्व शांति के लिए महायज्ञ किया गया है जिसके लिए उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन"। उन्होंने कहा महायज्ञ करने से बड़ा पैगाम इस युग में कोई दूसरा हो नहीं सकता। अंबाला छावनी का जनप्रतिनिधि होने के नाते वह सभी तरफ से मुनि श्री निशचिंतसागर महाराज को नमन करते हैं। विज रविवार सुबह अंबाला छावनी के जैन गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में श्री दिगंबर जैन सभा द्वारा आयोजित विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ में मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन धर्म अपने नियमों अपनी सर्व शिक्षाओं के कारण हमेशा शांति का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा यदि किसी मोहल्ले में रोज मार-पिटाई होती है तो उसका असर सारे शहर में रहता है। यदि हम शांति महायज्ञ करते है तो उसकी ऊर्जा उसकी किरणें सदूर तारे तक पहुंचती हैं। मौजूदा समय में विश्व को शांति की ज्यादा आवश्यकता है।



स्वास्थ्य कैंप में दी बीमारी की पहचान की जानकारी


चंडीगढ़। सेक्टर 23 स्थित गुरुद्वारा साहिब में आज निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन समाजसेविका मोनिका भंडुला, वार्ड नंबर 17, तथा गुरुद्वारा स्थापन कमेटी, सेक्टर 23, चंडीगढ़ के सहयोग से किया गया।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री सतनाम सिंह संधू तथा श्री संजय टंडन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस स्वास्थ्य जागरूकता पहल को विशेष महत्व प्रदान किया।कैंप का उद्देश्य आम जनता को स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा लोगों को समय पर बीमारी की पहचान और बचाव के प्रति जागरूक करना था। कैंप में आंखों, हृदय, शुगर, हड्डियों, त्वचा, दांतों एवं कैंसर संबंधी जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। इसके अतिरिक्त लिवर फंक्शन टेस्ट, थायराइड जांच, लिवर फाइब्रोस्कैन तथा बोन स्कैन जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गईं। टाटा मेमोरियल, न्यू चंडीगढ़ की टीम ने भी कैंप में भाग लिया। कैंप में डॉ. अनुराग, त्वचा रोग विशेषज्ञ, डॉ. नितिका गुप्ता,, प्रोस्थोडॉन्टिक्स विशेषज्ञ तथा डॉ. मनु गुप्ता, सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।आयोजक मोनिका भंडुला ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

नगर खेड़ा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथामृत का समापन

लीलाओं से मानव का पथ प्रदर्शित करते रहे भगवान श्रीकृष्ण : आशुतोष

अध्यात्मिक जागरण हमारे अंदर पैदा करता है राष्ट्र सेवा का सच्चा भाव : महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



नारायणगढ़। कथा के दौरान मौजूद मौजूद मुख्य लोग।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की और से नगर खेड़ा मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय श्री कृष्ण कथामृत के पंचम दिवस में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी गरिमा भारती ने कथा का व्याखान किा। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण प्रभु अपने पूरे जीवन काल में तो अनेकों दिव्य लीलाओं से मानव का पथ प्रदर्शित करते ही करते हैं, उनकी लोला संवरण के पश्चात उनकी लीलाएं भी भविष्य के भक्तों का सदैव मार्ग दर्शन करती रहती हैं। लेकिन उस इन्द्रियतीत प्रभु की दिव्य लीलाओं को मानव अगर अपनी बुद्धि के स्तर पर समझना चाहे तो वह उसी प्रकार से विफल हो जाएगा जैसे पर्वत की तलहटी पर खड़ा व्यक्ति पर्वत की उंचाई का आंकलन करने में विफल हो जाता है। दुर्योधन ने जैसे भगवान श्री कृष्ण को समझा नहीं । ईश्वर का प्रत्यक्ष दर्शन घट में करता हुआ मानव उन्हें अपना प्रेरणा स्रोत बना कर उनके दिखाए पथ पर अग्रसर हो पाएगा। तभी मावन में धर्म, राष्ट्र प्रेम, संस्कृति रक्षण, परोपकार, क्षमा, प्रेम जैसे गुणों का प्रकटीकरण होगा। आशुतोष महाराज जी कहते हैं कि आध्यात्मिक जागरण हमारे अंदर राष्ट्र सेवा का सच्चा भाव पैदा करता है। आध्यात्मिक ज्ञान से सराबोर लोग संगिठत होकर समाज की अनेकों कुरीतियों पर प्रहार कर उनका समूल विनाश कर सकते हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा जन-जन को जाग्रति का संदेश दे रहा है और लोगों को महान भारतीय संस्कृति का बोध करवा कर उनमें देश भक्ति का भाव जगा रहा है। संस्थान एक आध्यात्मिक संस्था होने के साथ-साथ एक सामाजिक संगठन भी है। जो समाज के अनेकों बदरूप हुए पहलुओं पर कार्य कर उन्हें सुंदर बनाने के लिए संकल्पित है।

अभावग्रस्त बच्चों के लिए संपूर्ण शिक्षा केंद्र उद्घाटित

नेत्रहीन व विकलांग लोगों को ब्रह्मज्ञान प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से भी समृद्ध बनाने हेतु संस्थान के द्वारा अंतर दृष्टि प्रकल्प के अंतर्गत अनेकों कारखानों का निर्माण किया गया। जिसमें कुछ महीने के प्रशिक्षण के बाद नेत्रहीन लोग अपने जीवन यापन हेतु कार्यरत हैं। संस्थान की और से अभावग्रस्त बच्चों के लिए मंथन प्रकल्प के अंतर्गत संपूर्ण शिक्षा केन्द्रों को उद्घाटित किया गया है। जिनमें अभावग्रस्त बच्चों को मुफ्त शिक्षा देकर उनका आध्यात्मिक व मानसिक विकास किया जा रहा है। संस्थान भारत की अनेकों जेलों में भी कार्यरत है। अंतरक्रांति प्रकल्प के तहत जेलों में बंद कैदियों को आध्यात्मिक विचार दिए जाते हैं। आज अनेकों कैदी ज्ञान के माध्यम से सुधरकर स्वयं सुधारक बन रहे हैं।